झंडू बाम के ब्रांड एंबेसडर बने सोनू सूद

एजेंसी | कोलकाता

झमामी लिमिटेड प्रतिष्ठित दर्द निवारक समाधान झंडु बाम ने हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। सोनू सूद वंचित लोगों के लिए मानवीय और परोपकारी गतिविधियों के लिए जाने जाते हैं। झमामी लिमिटेड के निर्देशक मोहन गोयनका के अनुसार, कोविड -19 से संबंधित



तनाव ने लाखों लोगों को सिरदर्द, शरीर में दर्द और थकान से ग्रस्त कर दिया है। नौकरी छूटना, वेतन में कटौती होना, स्वास्थ्य संबंधी खतरे, पर्यावरण की सामान्य अनिश्चितता, घर के काम करने की वजह से और मल्टीटास्किंग करना; सभी के परिणाम स्वरुप लोग गंभीर मानसिक और शारीरिक तनाव से प्रभावित हुए हैं। झंडु बाम, एक विश्वसनीय आयुर्वेदिक दर्द समाधान ने कई लोगों को इन कष्टों से राहत प्रदान की। कुछ इसी तरह सोनू सूद ने भी कोविड महामारी संकट में गरीबों की मदद की।